# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 01.10.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", दैनिक जागरण, अमर उजाला, दैनिक जागरण आईनेक्स्ट, जनसंदेश टाइम्स, न्यायाधीश," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## दैनिक जागरण–दि0 01.10.2024

### वीडीए ने नक्शा 100 घंटे में किया पास

जागरण संवाददाता, वाराणसी : विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने 100 घंटे के अंदर टकटकपुर, सिकरौल में 40 फ्लैट के ग्रुप हाउसिंग का मानचित्र स्वीकृत किया है। 2426.23 वर्ग मीटर क्षेत्र में ग्रुप हाउसिंग में भूमिगत पार्किंग के अलावा शाप होगी। प्रथम तल पर चार और उसके बाद छह मंजिल पर छह-छह फ्लैट होंगे। कुल सात मंजिल का ग्रुप हाउसिंग होगा। इससे वीडीए को एक करोड़ 16 लाख,16 हजार 848 रुपये राजस्व प्राप्त हुआ है।

त्रिदेव रेजीडेंसी के प्रशांत केजरीवाल ने बताया कि टकटकपुर, सिकरौल वार्ड में महावीर मंदिर मार्ग से मीरापुर बसही मुख्य मार्ग पर ग्रुप हाउसिंग का वीडीए से मानचित्र स्वीकृत हुआ है। स्टिल्ट पार्किंग के अलावा सात मंजिल में 40 फ्लैट बनेंगे। फ्लैट का फ्लोर एरिया 89 वर्गमीटर से 241 वर्गमीटर है। इसमें 53 कारों की पार्किंग व एक-दो स्टैक पार्किंग तथा पर्याप्त संख्या में टू व्हीलर पार्किंग है।

## अमर उजाला–दि0 01.10.2024

### 100 घंटे में स्वीकृत की ग्रुप हाउसिंग स्कीम

वाराणसी। वीडीए ने महावीर मंदिर मार्ग टकटकपुर सिकरौल में 100 घंटे में ग्रुप हाउसिंग स्कीम स्वीकृत की। विकासकर्ता त्रिदेव रेजीडेंसी के राजू लाल सोनकर व उनके पार्टनरों ने 2426.23 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में ग्रुप हाउसिंग स्कीम का मानचित्र ऑनलाइन जमा किया था। सात तल और 40 यूनिट के फ्लैट के अलावा दुकानें, वाशरूम, लिफ्ट, सीढ़ी का प्रावधान किया गया है। 53 कार पार्किंग होगी। इससे वीडीए को एक करोड़ 16 लाख 16 हजार 848 रुपये का राजस्व मिलेगा। ब्यूरो

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## दैनिक जागरण आईनेक्स्ट–दि0 01.10.2024

### प्रदेश के अन्य विकास प्राधिकरणों को पीछे छोड़ा

# ई-ऑफिस सिस्टमः पूरे स्टेट में वीडीए रहा फर्स्ट

**GOOD NEWS**

varanasi@inext.co.in

**VARANASI (30 Sept):** डिजिटाइजेशन में वाराणसी विकास प्राधिकरण ने कमाल कर दिया है. तीन महीने के अंतराल में ई आफिस सिस्टम में ढाई करोड़ से डॉक्यूमेंटस को डिजिटाइजेशन कर प्रदेश के सभी प्राधिकरणों को पछाड़ते हुए टॉप पर पहुंच गया, जबकि दूसरे नंबर पर सहारनपुर और तीसरे नंबर पर हापुड़ है. उधर, लखनऊ, कानपुर और गोरखपुर में अब तक ई आफिस सिस्टम की दौड़ में भी नहीं है.




### रिकॉर्ड प्रबंधन प्रणाली

वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि ई-ऑफिस को राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) द्वारा विकसित किया गया है. ई-ऑफिस एक एकीकृत फाइल और रिकॉर्ड प्रबंधन प्रणाली है जिसमे फाइलों को ट्रैक किया जा सकता है. ई-ऑफिस एक ऐसा एप्लीकेशन है जिसका मकसद सरकारी कामकाज को सरल, पारदर्शी बनाना है.

### ये है प्राधिकरण की लिस्ट

वाराणसी, सहारनपुर, हापुड, आगरा, उरई, कानपुर, गोरखपुर, बरेली, बागपत बडौत खेकड़ा, बुलंदशहर, मथुरा-वृन्दावन, अलीगढ, गाजियाबाद, झांसी, प्रयागराज, फिरोजाबाद, शिकोहाबाद, बस्ती, मुजफ्फरनगर, रायबरेली, अयोध्या-फैजाबाद, आजमगढ, उन्नाव-शुक्लागंज, खुर्जा, बांदा, मेरठ, रामपुर और लखनऊ प्राधिकरण है.

### प्रदेश में 28 प्राधिकरण

प्रदेश मे 28 विकास प्राधिकरण है, लेकिन इन दिनों वाराणसी विकास प्राधिकरण का जलवा कायम है. वीडीए ने ई-ऑफिस पर ई-फाइल, ई-रिसीट का डिजिटाइजेशन धुआंधार किया. हर लेटर, हर पत्र यहां तक की नक्शे को भी ऑनलाइन करने में काफी दिलचस्पी दिखाई. पुलकित गर्ग का कहना है कि ई-ऑफिस की गति और दक्षता विभागों को सूचित और त्वरित निर्णय लेने मे सहायता करती है. इससे सिस्टम के ज़रिये जहां सरकारी काम मे वक्त की बचत होगी, वहीं सरकारी काम मे पारदर्शिता आती है.

### 3 महीने में 742 डिजिटाइजेशन

वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग का कहना है कि तीन महीने के अंदर 742 फाइल का डिजिटाइजेशन किया गया है. ढाई करोड़ से अधिक डॉक्यूमेंटस को भी ई आफिस प्लेटफार्म पर कर दिया गया है. 90 परसेंट वर्क पेपरलेस हो रहा है.

### 21 जून को ई आफिस प्रणाली की शुरुआत

वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 21 जून 2024 को ई-ऑफिस प्रणाली कार्यान्वित करने के लिए निर्देश जारी किए थे. इसके बाद समस्त मण्डलो, जनपदो, नगर निगमो, विकास प्राधिकरणो मे अनिवार्य रूप से ई-ऑफिस को लागू करने एवं ई-ऑफिस पर ई- फाइल, ई-रिसीट का व्यवहरण करते हुए कार्यालयों को पेपर-लेस किया जाना सुनिश्चित किया गया.

### ई-ऑफ़िस सिस्टम

- ई-ऑफ़िस से सरकारी कामकाज मे पारदर्शिता आती है तथा इससे सरकारी कामकाज मे जवाबदेही बढ़ती है.
- ई-ऑफ़िस से सरकारी कामकाज मे समय की बचत होती है तथा ई-ऑफ़िस से कर्मचारियो की ऊर्जा और समय की बचत होती है.
- ई-ऑफ़िस मे वीपीएन एवं मल्टी लेयर सिक्योरिटी के कारण डेटा सुरक्षित रहता है.
- ई-ऑफ़िस के माध्यम से सरकारी कामकाज की निगरानी की जा सकती है.
- ई-ऑफ़िस से कामकाज मे गति और दक्षता बढ़ती है.
- ई-ऑफ़िस से विभागों को तेजी से फैसला लेने मे मदद मिलती है.



**ई आफिस सिस्टम के तहत काम करने से पारदर्शिता आती है. वाराणसी विकास प्राधिकरण ने सभी वर्क ई प्रणाली सिस्टम के तहत करना आरंभ कर दिया है.**

**पुलकित गर्ग**, उपाध्यक्ष, वीडीए



**काम में ट्रांसपेरेंसी आयी है. इसके तहत काम करने में काफी सहूलियत हो रही है. नक्शा भी पास हो रहा है. वीडीए में पेपरलेस वर्क पर जोर है.**

**दीपक बहल**, बिल्डर्स



**मकानों का नक्शा पास कराने में आसानी हो गयी है. पहले मैनुअल दाखिल करने के बाद भी दिक्कत होती थी.**

**विजय कपूर**, व्यापारी

ई फाइल क्रिएटेड, ई फाइल मूव, ई रिसिप्ट क्रिएटेड, ई रिसिप्ट मूव

वाराणसी, 57 187 116 382

सहारनपुर, 20, 37, 23, 32

हापुड, 11, 12, 9, 13

## जनसंदेश टाइम्स–दि0 01.10.2024

# अवैध पेट्रोल पम्पों की कराई जाएगी जांच

**तेवर**

**जल्द चलाया जायेगा अभियान**

**वीडीए करेगा सख्त कारवाई**

**वाराणसी।** वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में जोन-3 ,जोन-4, जोन-5 से की हुई बैठक में अवैध पेट्रोल पम्पों की जाँच करने और उनका मानचित्र स्वीकृति किये जाने के लिए जल्द अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान सचिव ने शमन मानचित्र निस्तारण, बकाया जमा, शिकायत निस्तारण और प्रवर्तन की साप्ताहिक समीक्षा बैठक की। जिसमे वीडीए सचिव ने भवनों के सील रहने के बाद भी उसमें हो रहे निर्माण कार्य को बंद कराकर बेसमेंट को खाली कराये जाने को कहा ,वहीं अवैध प्लाटिंग का ध्वस्तीकरण कराने सहित मुकदमा दर्ज कराने के साथ ही अवैध पेट्रोल पम्पों की जाँच करने और उनका मानचित्र स्वीकृति किये जाने के लिए तत्काल अभियान चलाये जाने का निर्देश दिया। इस दौरान विभाग में शमन मानचित्र के सापेक्ष सप्ताह में जोन-3-06,जोन-4 -06,जोन-5-02 ,में जहां मानचित्र स्वीकृत किया गया, वहीं अवशेष शमन शुल्क के मद में जोन-3 में 61 लाख 26 हजार 481 रु० जमा कराया गया। जबकि जोन-4 में 78 लाख 52 हजार 662 रु० और जोन-5 में 15 लाख प्राधिकरण कोष में जमा कराया गया। इस अवसर पर संयुक्त सचिव परमानंद यादव, जोनल अधिकारी(जोन-3) सौरभ देव प्रजापति, जोनल अधिकारी (जोन-4) प्रमोद कुमार तिवारी, जोनल अधिकारी(जोन-5) श्रीप्रकाश कुमार , अवर अभियंता (जोन-3)रविन्द्र प्रकाश (जोन-4)आर० के० सिंह (जोन-5) पी० एन० दुबे० आदि लोग उपस्थित रहे।

## न्यायाधीश–दि0 01.10.2024

# महावीर मंदिर मार्ग टकटकपुर सिकरौल पर प्राधिकरण ने 100 घंटे में स्वीकृत की ग्रुप हाउसिंग स्कीम

वाराणसी। मकान नंबर एस-24/17-ए-4-एम, आराजी नंबर एमआई 28/1, एमआई28/2, एमआई 28/3, एमआई 28/4, टकटकपुर, परगना शिवपुर, वार्ड सिकरौल, वाराणसी के इमहावीर मंदिर मार्ग से मीरापुर बसही मुख्य मार्ग पर वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा आमजनमानस हेतु प्रस्तावित ग्रुप हाउसिंग स्कीम का मानचित्र मात्र 100 घंटे में स्वीकृतइ किया गया है। विकासकर्ता त्रिदेव रेजीडेंसीइ वाया स्वामी राजू लाल सोनकर पुत्र ललुन प्रसाद राधा सोनकर पत्नि राजू लाल सोनकर कुसुम सोनकर पत्नि स्वर्गीय हंसराज डेवलपर्स त्रिदेव रेजीडेंसी एलएलपी भागीदारी के माध्यम से 1. प्रशांत केजरीवाल पुत्र श्री गोविंद केजरीवाल 2. नवीन रतेरिया पुत्र सज्जन कुमार रतेरिया 3. आनंद जी पांडे पुत्र ब्रिजेश नंदन पांडे द्वारा वाराणसी विकास प्राधिकरण में इ2426.23 वर्ग मीटर नेट क्षेत्रफल भूमिइ पर प्रस्तावित ग्रुप हाउसिंग स्कीम का मानचित्र आनलाइन जमा किया था, जिसे वाराणसी विकास प्राधिकरण के मानचित्र अनुभाग द्वारा उक्त इस्टिल्ट एवं 07 तलों के 40 यूनिट / फ्लैट के मानचित्रइ को मात्र 100 घंटे में पास कर दिया गया। ग्रुप हाउसिंग स्कीम होने के कारण परियोजना में विकासकर्ता को अनुमन्य समस्त रियायतों का लाभ प्रदान किया गया है। परियोजना के अंतर्गत इस्टिल्ट पर शाप एवं पार्किंग एवं प्रथम तल पर 04 तथा द्वितीय से सप्तम तल प्रत्येक तल पर 06 फ्लैट कुल 40 फ्लैट की अवधारणाइ की गयी है। परियोजना में स्टिल्ट तल पर शाप तथा अन्य सुविधाएं यथा वाशरूम, लिफ्ट, सीढ़ी इत्यादि का प्रावधान किया गया है। परियोजना के अंतर्गत उपलब्ध फ्लैट का इफ्लोर एरिया 89 वर्गमीटर से 241 वर्गमीटरइ है। परियोजना में इ53 कार पार्किंग तथा 01 दो स्टैक पार्किंग तथा पर्याप्त संख्या में टू व्हीलर पार्किंग की प्रस्तावनाइ की गयी है। प्रस्तावित ग्रुप हाउसिंग बिल्डिंग की इइमारत की ऊंचाई 23.95 मीटर तथा प्लॉट के सभी तरफ 7 मीटर का सेटबैक स्वीकृतइ किया गया है । वीडीए को राजस्व रु. 1,16,16,848/- का राजस्व प्राप्त होगा। इस परियोजना में ग्रुप हाउसिंग स्कीम होने के कारण आमजनमानस को मध्य शहर में आवास की सुविधा भी उपलब्ध हो सकेगी तथा क्षेत्र विशेष का नियोजित विकास किया जा सकेगा।